# संजीव®

**राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा आयोजित**

2 सितम्बर, 2024 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार

# RAS (Pre)

## 11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स

- कुल 11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स OMR Sheet एवं विस्तृत व्याख्या सहित हल
- सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के सभी बिन्दुओं का समावेश–सर्वाधिक संभावित प्रश्नों का संकलन


संपादक

**डॉ. दीपेश कुमार सैनी**

मार्गदर्शक

**नरेन्द्र सिंह चौहान**
(RAS **चयनित**)

लेखक

QUALITY EDUCATION
**के विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार**



SP संजीव प्रकाशन, जयपुर

- **प्रकाशक :**
  **संजीव प्रकाशन**
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,
  जयपुर-302003
  Website : www.sanjivprakashan.com



- © **संजीव प्रकाशन**



- **मूल्य : ₹ 400.00**

- **लेजर कम्पोजिंग :**
  संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department), जयपुर

- **मुद्रक :**
  पंजाबी प्रेस, जयपुर



- इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं–
  **Email : sanjeevcompetition@gmail.com**
  पता : प्रकाशन विभाग, संजीव प्रकाशन
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर
  आपके द्वारा भेजे गये सुझावों से अगला संस्करण और बेहतर हो सकेगा।
- इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीक या तरीके–इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है।
- हमने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता या त्रुटि के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए लेखक, प्रकाशक, संपादक तथा मुद्रक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं हैं।
- सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र 'जयपुर' होगा।

# RAS (Pre.)
# प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स

## INDEX


| | | |
|---|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर 1 | FULL SYLLABUS PAPER | 7-31 |
| प्रैक्टिस पेपर 2 | FULL SYLLABUS PAPER | 32-55 |
| प्रैक्टिस पेपर 3 | FULL SYLLABUS PAPER | 56-78 |
| प्रैक्टिस पेपर 4 | FULL SYLLABUS PAPER | 79-101 |
| प्रैक्टिस पेपर 5 | FULL SYLLABUS PAPER | 102-124 |
| प्रैक्टिस पेपर 6 | FULL SYLLABUS PAPER | 125-146 |
| प्रैक्टिस पेपर 7 | FULL SYLLABUS PAPER | 147-168 |
| प्रैक्टिस पेपर 8 | FULL SYLLABUS PAPER | 169-190 |
| प्रैक्टिस पेपर 9 | FULL SYLLABUS PAPER | 191-212 |
| प्रैक्टिस पेपर 10 | FULL SYLLABUS PAPER | 213-235 |
| प्रैक्टिस पेपर 11 | FULL SYLLABUS PAPER | 236-258 |
| OMR ANSWER SHEET | 11 OMR SHEETS | 259-280 |

# राजस्थान लोक सेवा आयोग

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी ( प्रारम्भिक ) परीक्षा, 2024

### परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

प्रारम्भिक परीक्षा में नीचे विनिर्दिष्ट विषय पर एक प्रश्न-पत्र होगा, जो वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा और अधिकतम 200 अंकों का होगा।

परीक्षा का उद्देश्य केवल स्क्रीनिंग परीक्षण करना है। प्रश्न-पत्र का स्तरमान स्नातक डिग्री स्तर का होगा। ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा, जो मुख्य परीक्षा में प्रवेश के लिए अर्हित घोषित किये गये हो, प्रारम्भिक परीक्षा में प्राप्त अंकों को उनका अंतिम योग्यता क्रम अवधारित करने के लिए संगणित नहीं किया जायेगा।

| प्रश्न-पत्र | विषय | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|
| I | सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान | 200 | तीन घण्टे |

**नोट :** 1. प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय प्रकार के 150 प्रश्न होंगे व सभी प्रश्न समान अंक के होंगे।

2. मूल्यांकन में ऋणात्मक अंकन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटे जाएंगे।

### पाठ्यक्रम विवरण

#### राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परंपरा एवं विरासत

- **राजस्थान के प्रागैतिहासिक स्थल**–पुरापाषाण से ताम्र पाषाण एवं कांस्य युग तक।
- **ऐतिहासिक राजस्थान**–प्रारम्भिक ईस्वी काल के महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक केन्द्र। प्राचीन राजस्थान में समाज, धर्म एवं संस्कृति।
- **प्रमुख राजवंशों के महत्त्वपूर्ण शासकों की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियाँ**–गुहिल, प्रतिहार, चौहान, परमार, राठौड़, सिसोदिया और कच्छावा। मध्यकालीन राजस्थान में प्रशासनिक तथा राजस्व व्यवस्था।
- **आधुनिक राजस्थान का उदय**–19वीं-20वीं शताब्दी के दौरान राजस्थान में सामाजिक जागृति के कारक। **राजनीतिक जागरण**–समाचार-पत्रों एवं राजनीतिक संस्थाओं की भूमिका। 20वीं शताब्दी में जनजाति तथा किसान आंदोलन, 20वीं शताब्दी के दौरान विभिन्न देशी रियासतों में प्रजामण्डल आंदोलन। राजस्थान का एकीकरण।
- **राजस्थान की वास्तु परम्परा**–मंदिर, किले, महल एवं मानव निर्मित जलीय संरचनाएँ; चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ और हस्तशिल्प।
- **प्रदर्शन कला**–शास्त्रीय संगीत एवं शास्त्रीय नृत्य; लोक संगीत एवं वाद्य; लोक नृत्य एवं नाट्य।
- **भाषा एवं साहित्य**–राजस्थानी भाषा की बोलियाँ। राजस्थानी भाषा का साहित्य एवं लोक साहित्य।
- **धार्मिक जीवन**–धार्मिक समुदाय, राजस्थान में संत एवं सम्प्रदाय। राजस्थान के लोक देवी-देवता।
- **राजस्थान में सामाजिक जीवन**–मेले एवं त्योहार; सामाजिक रीति-रिवाज तथा परम्पराएँ; वेशभूषा एवं आभूषण।
- राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व।

#### भारत का इतिहास

**प्राचीन काल एवं मध्यकाल :**

- **भारत के सांस्कृतिक आधार**–सिन्धु एवं वैदिक काल; छठी शताब्दी ई. पू. की श्रमण परम्परा और नये धार्मिक विचार-आजीवक, बौद्ध तथा जैन।
- **प्रमुख राजवंशों के महत्त्वपूर्ण शासकों की उपलब्धियाँ**–मौर्य, कुषाण, सातवाहन, गुप्त, चालुक्य, पल्लव एवं चोल।
- प्राचीन भारत में कला एवं वास्तु।
- **प्राचीन भारत में भाषा एवं साहित्य का विकास**–संस्कृत, प्राकृत एवं तमिल।
- **सल्तनतकाल**–प्रमुख सल्तनत शासकों की उपलब्धियाँ। विजयनगर की सांस्कृतिक उपलब्धियाँ।
- **मुगलकाल**–राजनीतिक चुनौतियाँ एवं सुलह-अफगान, राजपूत, दक्कनी राज्य और मराठा।
- मध्यकाल में कला एवं वास्तु, चित्रकला एवं संगीत का विकास।
- भक्ति तथा सूफी आंदोलन का धार्मिक एवं साहित्यिक योगदान।

**आधुनिक काल ( प्रारम्भिक 19वीं शताब्दी से 1964 तक ) :**

- **आधुनिक भारत का विकास एवं राष्ट्रवाद का उदय**–बौद्धिक जागरण; प्रेस; पश्चिमी शिक्षा। 19वीं शताब्दी के दौरान सामाजिक-धार्मिक सुधार, विभिन्न नेता एवं संस्थाएँ।
- **स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन**–विभिन्न अवस्थाएँ, धाराएँ, महत्त्वपूर्ण योगदानकर्त्ता एवं देश के अलग-अलग हिस्सों का योगदान।
- **स्वातंत्र्योत्तर राष्ट्र निर्माण**–राज्यों का भाषायी पुनर्गठन, नेहरू युग में सांस्थानिक निर्माण, विज्ञान एवं तकनीकी का विकास।

## विश्व एवं भारत का भूगोल

**विश्व का भूगोल :**

- **प्रमुख स्थलाकृतियाँ**–पर्वत, पठार, मैदान एवं मरुस्थल
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- कृषि के प्रकार
- प्रमुख औद्योगिक प्रदेश
- **पर्यावरणीय मुद्दे**–मरुस्थलीकरण, वनोन्मूलन, जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग (ऊष्मीकरण), ओजोन अवक्षय

**भारत का भूगोल :**

- **प्रमुख स्थलाकृतियाँ**–पर्वत, पठार एवं मैदान
- मानसून तंत्र व वर्षा का वितरण
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- **प्रमुख फसलें**–गेहूँ, चावल, कपास, गन्ना, चाय एवं कॉफी
- **प्रमुख खनिज**–लौह अयस्क, मैंगनीज, बॉक्साइट एवं अभ्रक
- **ऊर्जा संसाधन**–परम्परागत एवं गैर-परम्परागत
- प्रमुख औद्योगिक प्रदेश
- राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख परिवहन गलियारे

## राजस्थान का भूगोल

- प्रमुख भू-आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएँ
- जलवायु की विशेषताएँ
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- प्राकृतिक वनस्पति एवं मृदा
- **प्रमुख फसलें**–गेहूँ, मक्का, जौ, कपास, गन्ना एवं बाजरा
- प्रमुख उद्योग
- प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें
- **जनसंख्या**–वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात एवं प्रमुख जनजातियाँ
- **खनिज**–धात्विक एवं अधात्विक
- **ऊर्जा संसाधन**–परम्परागत एवं गैर-परम्परागत
- जैव-विविधता एवं इनका संरक्षण
- पर्यटन स्थल एवं परिपथ

## भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली

**भारतीय संविधान : दार्शनिक तत्व :**

- संविधान सभा, भारतीय संविधान की विशेषताएँ, संवैधानिक संशोधन।
- उद्देशिका, मूल अधिकार, राज्य नीति के निदेशक तत्त्व, मूल कर्त्तव्य।

**भारतीय राजनीतिक व्यवस्था :**

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद्, संसद, उच्चतम न्यायालय और न्यायिक पुनरावलोकन।
- भारत निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नीति आयोग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, लोकपाल, केन्द्रीय सूचना आयोग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
- संघवाद, भारत में लोकतांत्रिक राजनीति, गठबंधन सरकारें, राष्ट्रीय एकीकरण।

## राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

**राज्य की राजनीतिक व्यवस्था :**

- राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद्, विधानसभा, उच्च न्यायालय।

**प्रशासनिक व्यवस्था :**

- जिला प्रशासन, स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज संस्थाएँ।

**संस्थाएँ :**

- राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सूचना आयोग।

**लोक नीति एवं अधिकार :**

- लोक नीति, विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार-पत्र।

## आर्थिक अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

**अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणाएँ :**

- बजट निर्माण, बैंकिंग, लोक-वित्त, वस्तु एवं सेवा कर, राष्ट्रीय आय, संवृद्धि एवं विकास का आधारभूत ज्ञान
- **लेखांकन**–अवधारणा, उपकरण एवं प्रशासन में उपयोग
- स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर बाजार
- राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ
- सब्सिडी, लोक वितरण प्रणाली
- ई-कॉमर्स
- **मुद्रास्फीति**–अवधारणा, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र

**आर्थिक विकास एवं आयोजन :**

- **अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र**–कृषि, उद्योग, सेवा एवं व्यापार क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, मुद्दे एवं पहल।
- प्रमुख आर्थिक समस्याएँ एवं सरकार की पहल, आर्थिक सुधार एवं उदारीकरण।

**मानव संसाधन एवं आर्थिक विकास :**

- मानव विकास सूचकांक
- वैश्विक खुशहाली सूचकांक
- **गरीबी एवं बेरोजगारी**–अवधारणा, प्रकार, कारण, निदान एवं वर्तमान फ्लेगशिप योजनाएँ

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता :**

- कमजोर वर्गों के लिए प्रावधान।

## राजस्थान की अर्थव्यवस्था

- अर्थव्यवस्था का वृहत् परिदृश्य
- कृषि, उद्योग व सेवा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे
- संवृद्धि, विकास एवं आयोजना
- आधारभूत–संरचना एवं संसाधन
- प्रमुख विकास परियोजनाएँ
- **राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ**–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यकों, निःशक्तजनों, निराश्रितों, महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों, कृषकों एवं श्रमिकों के लिए।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्त्व
- कम्प्यूटर्स, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
- रक्षा प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उपग्रह
- नैनो–प्रौद्योगिकी, जैव–प्रौद्योगिकी एवं अनुवंशिक–अभियांत्रिकी
- आहार एवं पोषण, रक्त समूह एवं Rh कारक
- स्वास्थ्य देखभाल; संक्रामक, असंक्रामक एवं पशुजन्य रोग
- पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय परिवर्तन एवं इनके प्रभाव
- जैव–विविधता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संधारणीय विकास
- कृषि–विज्ञान, उद्यान–विज्ञान, वानिकी एवं पशुपालन राजस्थान के विशेष संदर्भ में
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास राजस्थान के विशेष संदर्भ में

## तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता

**तार्किक दक्षता ( निगमनात्मक, आगमनात्मक, अपवर्तनात्मक ) :**

- कथन एवं मान्यताएँ
- कथन एवं तर्क
- कथन एवं निष्कर्ष
- कथन–कार्यवाही
- विश्लेषणात्मक तर्कक्षमता

**मानसिक योग्यता :**

- संख्या/अक्षर अनुक्रम
- कूटवाचन (कोडिंग–डीकोडिंग)
- संबंधों से संबंधित समस्याएँ
- दिशा ज्ञान परीक्षण
- तार्किक वेन आरेख
- दर्पण/पानी प्रतिबिम्ब
- आकार और उनके उपविभाजन

**आधारभूत संख्यात्मक दक्षता :**

- अनुपात–समानुपात तथा साझा
- प्रतिशत
- साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज
- समतलीय चित्रों के परिमाप एवं क्षेत्र
- आंकड़ों का विश्लेषण (सारणी, दण्ड–आरेख, रेखीय आलेख, पाई–चार्ट)
- माध्य (समांतर, गुणोत्तर एवं हरात्मक), माध्यिका एवं बहुलक
- क्रमचय एवं संचय
- प्रायिकता (सरल समस्याएँ)

## समसामयिक घटनाएँ

- राजस्थान, भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे।
- वर्तमान में चर्चित व्यक्ति, स्थान एवं संस्थाएँ।
- खेल एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियाँ

*****

# प्रैक्टिस पेपर - 1

**1. कालीबंगा सभ्यता के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
(i) यह एक ताम्रयुगीन सभ्यता थी।
(ii) इस स्थल की खोज अमलानन्द घोष ने 1952 ई. में की थी।
(iii) राजस्थान में सिन्धु घाटी सभ्यता का यह प्रमुख स्थल है।
**उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं?**
(1) (i) व (ii) (2) (ii) व (iii)
(3) (i) व (iii) (4) (i), (ii) व (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) राजपूताना | (a) कर्नल जेम्स टॉड |
| (ii) रजवाड़ा | (b) रामायण महाकाव्य |
| (iii) मरुकान्तर | (c) बसंतगढ़ का शिलालेख |
| (iv) राजस्थानीयादित्य | (d) जॉर्ज थॉमस |

**कूट :**
(1) (i)-(a) (ii)-(b) (iii)-(c) (iv)-(d)
(2) (i)-(d) (ii)-(c) (iii)-(b) (iv)-(a)
(3) (i)-(d) (ii)-(a) (iii)-(b) (iv)-(c)
(4) (i)-(c) (ii)-(a) (iii)-(b) (iv)-(d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**3. राजपूतकालीन प्रशासनिक व्यवस्था के सन्दर्भ में निम्न को सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) महापुरोहित | (a) वैद्य |
| (ii) भिषगाधिराज | (b) कविता का पाठ करने वाला |
| (iii) बन्दिपति | (c) धार्मिक कार्य करने वाला |
| (iv) भाण्डारिक | (d) राजकोष का मुख्य अधिकारी |

| **कूट :** | **(i)** | **(ii)** | **(iii)** | **(iv)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (2) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (3) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (4) | (a) | (b) | (c) | (d) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**4. निम्न में से 1923 में बंद किए गए किस समाचार-पत्र को 'तरुण राजस्थान' के नाम से पुनः प्रकाशित किया गया?**
(1) राजस्थान केसरी (2) नवजीवन
(3) नवीन राजस्थान (4) राजस्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**5. रामनारायण चौधरी के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
(i) इन्होंने बिजौलिया व बेगूं किसान आन्दोलन तथा असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया।
(ii) '20वीं सदी का राजस्थान' इनके द्वारा लिखी गई प्रमुख पुस्तक है।
(iii) पत्रकार के रूप में इन्होंने राजस्थान केसरी, तरुण राजस्थान तथा नवीन राजस्थान नामक समाचार-पत्रों का सम्पादन किया।
**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही नहीं है/हैं?**
(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) तथा (ii) (4) (i), (ii) व (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**6. किस रियासत में रघुवर दयाल गोयल ने 1942 ई. में प्रजापरिषद् की स्थापना की?**
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) अलवर (4) बीकानेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**7. राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों ने 1817-1818 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ सन्धि पर हस्ताक्षर किए-**
(A) कोटा (B) जोधपुर
(C) करौली (D) उदयपुर
**निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, कालक्रमानुसार सही है?**
(1) (A), (B), (C), (D) (2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (A), (B), (C) (4) (C), (A), (B), (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**8. कुम्भलगढ़ दुर्ग के संबंध में कौनसा कथन सत्य नहीं है ?**
(1) इस दुर्ग की नींव मौर्य शासक सम्प्रति द्वारा निर्मित प्राचीन दुर्गों के अवशेष पर महाराणा कुम्भा द्वारा 1448 ई. में रखी गई थी।
(2) कर्नल टॉड ने इसकी तुलना एट्रुस्कन से की है।
(3) यह दुर्ग महाराणा प्रताप व उदयसिंह की जन्मस्थली रही है।
(4) इस दुर्ग में मामादेव कुण्ड, कुम्भस्वामी का मंदिर तथा बादल महल प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**9. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता जोधपुर चित्रशैली की नहीं है–**
(1) इस शैली के प्रसिद्ध चित्रकार वीरजी भाटी ने पाली के विट्ठलदास चंपावत के लिए 'रागमाला चित्रावली' चित्रित की।
(2) बादाम-सी आँखें और ऊँची पाग जोधपुर शैली की अपनी निजी विशेषता है।
(3) आदमकद और बड़े-बड़े पोर्ट्रेट चित्र इस शैली की विशेषता रही है।
(4) अमरदास भाटी, दाना भाटी, शंकरदास भाटी, माधोसिंह, शिवदास, रायसिंह भाटी आदि इस शैली के प्रमुख चित्रकार हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**10. निम्न में से कौन-सा गुर्जर-प्रतिहार कालीन मंदिर नहीं है–**
(1) किराडू का सोमेश्वर मंदिर, जगत का अम्बिका माता मंदिर
(2) ओसियाँ का सच्चियाय माता मंदिर, हर्षद माता मंदिर (आभानेरी)
(3) आउवा का कामेश्वर मंदिर, गोठ मांगलोद का दधिमाता मंदिर
(4) नागदा का सास-बहू मंदिर, चाकसू का शीतला माता मंदिर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**11. ब्लू पॉटरी के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

(i) क्वार्ट्ज और चीनी मिट्टी के बर्तनों पर मुख्यत: नीले व हरे रंगों से चित्रण का कार्य ब्लू पॉटरी कहलाता है।

(ii) यह कला महाराजा जयसिंह द्वितीय के शासनकाल में अत्यधिक विकसित हुई थी।

(iii) इसके प्रमुख कलाकार कृपाल सिंह शेखावत थे।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं–**

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) व (iii) (4) (ii) व (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**12. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| **लोक नृत्य** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| (i) लुम्बर | (a) झालावाड़ |
| (ii) बिंदौरी | (b) जालोर |
| (iii) डांग | (c) नाथद्वारा |
| (iv) चरकूला | (d) भरतपुर |

**कूट :**

(1) (i)-(b) (ii)-(a) (iii)-(c) (iv)-(d)
(2) (i)-(a) (ii)-(b) (iii)-(c) (iv)-(d)
(3) (i)-(d) (ii)-(c) (iii)-(b) (iv)-(a)
(4) (i)-(b) (ii)-(a) (iii)-(d) (iv)-(c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**13. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| **ग्रंथ** | **लेखक** |
|---|---|
| (i) अमीरनामा | (a) मुंशी भुसावनलाल |
| (ii) क्याम खाँ रासो | (b) जान कवि |
| (iii) प्रताप रासो | (c) जाचक जीवण |
| (iv) छत्रपति रासो | (d) काशी छंगाणी |

**कूट :**

(1) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)
(2) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(3) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(4) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(b), (iv)-(a)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**14. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है–**

| **सम्प्रदाय** | **प्रधान पीठ** |
|---|---|
| (1) अलखिया सम्प्रदाय | बीकानेर |
| (2) गूदड़ सम्प्रदाय | दाँतड़ा (शाहपुरा) |
| (3) परनामी सम्प्रदाय | धौली दूब |
| (4) निरंजनी सम्प्रदाय | गाढ़ा (डीडवाना-कुचामन) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15. सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| **स्थान** | **उत्सव** |
|---|---|
| (A) महावीर जी | (i) कोड़ामार होली |
| (B) भिनाय | (ii) पत्थरमार होली |
| (C) सांगोद | (iii) लट्ठमार होली |
| (D) बाड़मेर | (iv) न्हाण |

| **कूट :** | **(A)** | **(B)** | **(C)** | **(D)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**16. महान कवि सूर्यमल्ल मीसण के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?**

(1) इन्होंने बूँदी के इतिहास का वर्णन किया।
(2) इनकी कविता से बहादुरी की भावना का उदय होता है।
(3) वे मेवाड़ के निवासी थे।
(4) वंश भास्कर इनका प्रसिद्ध महाकाव्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**17. निम्नलिखित में से सत्य कथनों की पहचान कीजिए–**

(i) सर्वप्रथम जॉन मार्शल ने 1924 ई. में प्रकाशित लेख 'मोहनजोदड़ो एण्ड द इण्डस सिविलाइजेशन' में हड़प्पा सभ्यता को सिंधु सभ्यता कहा था।

(ii) हड़प्पा सभ्यता झेलम नदी के तट पर थी।

(iii) 1929 ई. में जॉन मार्शल द्वारा हड़प्पा सभ्यता की तिथि निर्धारित की गई।

(iv) सिंधु सभ्यता के स्थल आलमगीरपुर, बड़ा गाँव, हुलास पश्चिमी हरियाणा में स्थित हैं।

(1) केवल (iv) (2) (i), (ii), (iii)
(3) (i), (ii), (iii), (iv) (4) इनमें से कोई नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**18. निम्न में से सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए–**

1. ऋग्वेद में 25 नदियों का उल्लेख है।
2. ऋग्वेद की अनेक बातें ग्रीक भाषा के प्राचीनतम ग्रंथ जेंद अवेस्ता से मिलती हैं।
3. आर्य भारत में 4500 ई.पू. के आसपास आये।
4. बाल गंगाधर तिलक ने आर्यो का मूल निवास स्थान सप्त सैन्धव प्रदेश माना है।

(1) 1, 2, 3 (2) केवल 1
(3) 3, 4 (4) 1, 2, 3, 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**19. बौद्ध संघ के बारे में सत्य कथनों की पहचान कीजिए–**

1. बौद्ध संघ की प्रणाली राजतंत्रीय थी।
2. बौद्ध संघ का प्रमुख विनयधर कहलाता था।
3. कुण्डलवन में भिक्षुणी संघ की स्थापना की गई थी।
4. संघ में प्रविष्ट होने को उपसम्पदा कहा जाता था।

(1) 2, 4 (2) 1, 4
(3) 2, 3, 4 (4) 1, 2, 3, 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**20. गुप्तकालीन पंचायतन शैली का प्राचीनतम मंदिर है–**

(1) सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर
(2) उदयगिरी का गुहा मंदिर
(3) भूमरा का शिव मंदिर
(4) देवगढ़ का दशावतार मंदिर
(5) अनुत्तरित प्रश्न